क्रमांक /378 / परीक्षा–गोपनीय / 2026 बिलासपुर दिनांक 01 / 09 / 2026

## –::अधिसूचना::–

सत्र **2026–27** में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, शिक्षण विभाग एवं संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय (गैर–प्रतिबंधित) महाविद्यालयों में स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में **नवप्रवेशित नियमित विद्यार्थियों** (जो विश्वविद्यालय के परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होंगे) हेतु विश्वविद्यालय के अधिकृत वेब पोर्टल https://exam.bucgexam.in के माध्यम से **नामांकन आवेदन** (Enrollment Form) एवं नामांकन शुल्क का आनलाईन भुगतान हेतु **निम्नानुसार तिथि निर्धारित** की जाती है :–

| क्र. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | आनलाईन **नामांकन** आवेदन की प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि<br>**(बिना विलंब शुल्क के)** | **01 / 09 / 2026 से<br>30 / 09 / 2026 तक** |
| 02 | आनलाईन **नामांकन** आवेदन की अंतिम तिथि<br>**(विलंब शुल्क रू. 250 / – के साथ)** | **01 / 10 / 2026 से<br>15 / 10 / 2026 तक** |
| 03 | छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन **नामांकन** आवेदनों की हार्डकॉपी, आनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित महाविद्यालय / वि.वि.शिक्षण विभाग में जमा करने की तिथि | **17 / 10 / 2026 तक** |
| 04 | **महाविद्यालय / वि.वि.शिक्षण हेतु निर्देश**<br>छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाईन **नामांकन** आवेदनों की सूची (Enrollment return/roll list 2026-27) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में समस्त अनिवार्य / आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति सहित विधिवत अग्रेषित करते हुये विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि | **पृथक से जारी किया जायेगा** |

टीपः– (i) नियमित छात्र–छात्राओं का नामांकन आवेदन भराया जाना **महाविद्यालय / वि.वि.शिक्षण** की जिम्मेदारी होगी।

(ii) छात्र यह स्वंय सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा प्रवेश के समय **VAC** एवं **GE** के विषयों का चयन किया गया है या नहीं अन्यथा की स्थिति में प्रवेशित महाविद्यालय से संपर्क कर उक्त विषयों का चयन पश्चात् ही नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करें।

(iii) छात्र–छात्राओं को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि नामांकन आवेदन भरते समय (यूजर आई.डी. / पासवर्ड हेतु) एक मोबाईल नम्बर से एक ही नामांकन आवेदन किया जा सकेगा। अतः दूसरे का मोबाईल एवं ई–मेल आई.डी. बिल्कुल दर्ज न किया जावे।

05. महाविद्यालय / शिक्षण विभाग द्वारा संबंधित विषय / पाठ्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त सीट संख्या के अनुसार ही नामांकन आवेदन स्वीकार किया जायेगा। अतः इसका विशेष ध्यान रखें।

06. नामांकन आवेदन के अग्रेषण से पूर्व संस्था प्रमुख / प्राचार्य / प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेवें कि संबंधित छात्र–छात्रा संबंधित कक्षा / परीक्षा में सम्मिलित होने की समस्त न्यूनतम अर्हताओं को पूर्ण करते हैं।

07. नामांकन आवेदन में किसी भी तरह की त्रुटि होने पर संपूर्ण जवाबदारी संबंधित छात्र–छात्रा एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।

08. किसी भी प्रकार की समस्या / कठिनाई होने पर प्रथमतः अपने महाविद्यालय / शिक्षण विभाग के प्राचार्य / शिक्षकों से संपर्क करें। महाविद्यालय स्तर पर समस्या का निराकरण नहीं होने पर विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
बिलासपुर।

पृ. क्रमांक / 379 / परीक्षा–गोपनीय / 2026 बिलासपुर दिनांक / 01/09 / 2026

01. कुलपति जी के निज सहायक को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. कुल सचिव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ
03. वित्ताधिकारी / सहायक कुलसचिव(वित्त / अकादमी / भंडार / परीक्षा) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
04. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, एवं विभाग प्रमुख, विश्वविद्यालय, शिक्षण विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित कृपया सूचना पटल पर छात्र / छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आनलाईन नामांकन फार्म भरने हेतु सूचित करें।
05. अनुभाग अधिकारी / कक्ष प्रभारी (परीक्षा / अकादमी / भंडार)अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. संपादक / संवाददाता, दैनिक .............................. समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
07. कार्यालयीन प्रति।

**परीक्षा नियंत्रक**
**अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**